**खबर संक्षेप**

## 10 जुलाई तक फोटो निर्वाचक नामावली को होगा प्रकाशन

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2025 की स्थिति में निर्वाचक नामावली के प्रकाशन का कार्य किया जाना है। जिले के सभी अनुवभिागीय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि 1 जुलाई के मान से 30 जून तक प्राप्त अग्रिम आवेदनों का निराकरण कर डाटाबेस अद्यतन करें। साथ ही निरसन और संशोधन की पूरक तैयार कर रिकार्ड में रखें। यह भी निर्देशित किया गया है कि 30 जून 2025 से 5 जुलाई 2025 के पूर्व बीटा मार्क हटाने हेतु निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र भेंजे। ताकि आवेदक एवं निर्वाचक डाटाबेस में वोटर हेल्पलाईन एप्प एवं एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से अपना नाम खोजने में सक्षम हो सके। वहीं 8 जुलाई से 10 जुलाई के मध्य ईआरओ नेट के प्रिंटिंग टूल से निर्वाचक नामावली (फोटो रहित) की पीडीएफ जनरेट करने का कार्य संपादित किया जाएगा। पीडीएफ जनरेट करने के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की बेवसाईट पर पीडीएफ फाईल बनाकर अपलोड की जाने की कार्यवाही की जाएगी ताकि दिनांक 10 जुलाई तक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जा सके।

## कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन आज



**कटनी।** मध्य प्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सोलंकी का नगर निगम कार्यालय कटनी में आगमन शनिवार 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे हो रहा है। श्री सोलंकी नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के नगर निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित जिला स्तरीय कर्मचारी सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस दौरान श्री सोलंकी के मुख्य आतिथ्य एवं कपिल दुबे संभागीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला शाखा एवं नगर पारिषद विजयराघवगढ़ व बरही की इकाई शाखा का गठन किया जाना है। प्रांतीय संगठन सचिव गणेश प्रसाद बिचपुरिया, जिलाध्यक्ष पारसनाथ प्रजापति और इकाई अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र शर्मा द्वारा नगर निगम कटनी एवं नगर परिषद विजयराघवगढ़ बरही एवं कैमोर के समस्त अधिकारी - कर्मचरियों से कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने आग्रह किया है।

## पार्क में पारिवारिक एवं सामाजिक समारोह किया प्रतिबंधित

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश कुमार दुबे द्वारा आदेश जारी कर रामकृष्ण परमहंस वार्ड छपरवाह मे अमृत योजना अंतर्गत निर्मित पार्क परिसर के सामुदायिक भवन का उपयोग निर्धारित शुल्क जमा कराकर विधिवत अनुमति प्रदान करने तथा वैवाहिक एवं सामाजिक समारोह के दौरान पार्क परिसर का उपयोग तत्काल प्रभाव से पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि रामकृष्ण परमहंस वार्ड मंगल नगर, छपरवाह मे अमृत योजना अंतर्गत निर्मित पार्क परिसर में निर्मित सामुदायिक भवन को स्थानीय नागरिकों द्वारा पारिवारिक एवं सामाजिक कार्यक्रम के दौरान उपयोग हेतु अनुमति प्राप्त करते हुए सामुदायिक भवन के अलावा पार्क परिसर में विभिन्न पारिवारिक एवं सामाजिक समारोह आयोजित किये जाते है। जिसके संबंध में पार्क परिसर में घूमने वाले जनसामान्य को होने वाली अनावश्यक परेशानी को संज्ञान में लेते हुए निगमायुक्त द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है। निगमायुक्त नें यह भी स्पष्ट किया है कि पार्क का उपयोग जन सामान्य के लिए प्रतिबंधित नहीं रहेगा।

### ढीमरखेड़ा क्षेत्र का कई गांवों से टूटा संपर्क, लगातार बारिश से और बिगड़ेंगे हालात

# ढीमरखेड़ा क्षेत्र में तेज बारिश से उफान पर आए नदी नाले, आवागमन बाधित





हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए हैं। बारिश के चलते नदी नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदियों के उफान पर आने से आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। ढीमरखेड़ा क्षेत्र से संपर्क टूट गया है जिससे आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित था। शुक्रवार को पूरा दिन तेज तो कभी रिमझिम बारिश का सिलसिला चलता रहा इसके चलते ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में हालात गंभीर है। कई क्षेत्रों में पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। नदी नाले उफान पर होने से आवागमन पूरी तरह से बाधित है, वहीं गांवों में जल प्लावन है। लोंगो के घरों में पानी घुस गया है। कई लोगों के कच्चे मकान गिर गए है।

### क्षेत्र के ये नदी नाले उफान पर

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में- मौरी ,बेलकुण्ड नदी, कौभी और गहरा नाला उफान पर है जबकि सिलौंडी क्षेत्र की दतला, हिरण, लभेर, सुआ नदी और सूखा नाला उफान पर है।

### अन्य गांवों की स्थिति भी दयनीय

ढीमरखेड़ा तहसील के क्षेत्र के अन्य गांवों में भी बारिश का कहर देखा गया है। लगातार बारिश के कारण खेतों में लगी उड़द एवं मूंग की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। किसानों के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है क्योंकि उनकी आजीविका का मुख्य स्त्रोत खेती ही है।

### प्रशासन की क्षेत्र में बनी हैं नज़र

प्रशासन की ओर से लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य चलाने के लिए टीमें तैनात की गई हैं। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जा जाएगा ऐसा निर्देश दिया गया। हालांकि, लगातार बारिश के कारण राहत कार्यों में भी बाधा पहुंचेगी ढीमरखेड़ा क्षेत्र में भारी बारिश ने ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्याएं खड़ी कर दी हैं। नदी-नालों के उफान पर होने से आवागमन बाधित है और सिलौडी क्षेत्र के कई गांवों में पानी भर गया है। इससे लोगों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से नजर रखी जा रही है लेकिन स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। इस स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित पक्षों को मिलकर काम करना होगा और प्रभावित लोगों की मदद करनी होगी।

## प्रतिष्ठित उद्योगपति अजय गेई ने शारीरिक पीड़ा के चलते गोली मार की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शुक्रवार की सुबह एक ह्रदयविदारक खबर ने शहर के हर वर्ग के लोगों को स्तब्ध कर दिया। प्रमुख उद्योगपति अजय गेई ने गुरुवार की रात अपने निवास में शारीरिक पीड़ा के चलते आत्मघाती कदम उठाकर अपना जीवन त्याग दिया। माधवनगर थाना क्षेत्र निवासी अजय गेई बड़े कारोबारी थे। लोगों के बीच उनकी छवि मिलनसार व सरल स्वभाव के साथ साथ धर्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने व लोगों को सहयोग करने वालों में गिना जाता रहा है।

पुलिस के अनुसार अजय अपनी शारीरिक तकलीफों से परेशान रहते थे। उन्होंने नागपुर में कूल्हे का ऑपरेशन कराया था, इसके बाद से वे लगातार असहनीय दर्द से पीड़ित रहा करते थे इसी वजह से वे ठीक तरह से चल नहीं पाते थे, वे डिप्रेशन में खो जाते रहे, अक्सर इलाज के लिए उन्हें नागपुर जाना पड़ता था। बताया जाता है कि गुरुवार की रात्रि भी उन्होंने अपनी पत्नी और दोनों बेटों से अपनी तकलीफ का जिक्र करते हुए व्यथित होकर कहा था कि जिन्दगी जीने का अब कोई फायदा नहीं, इस पर पत्नी ने उन्हें समझाया भी कि किसी और अच्छे अस्पताल में उपचार करा लेते हैं, लेकिन शायद अजय गेई ने अपना इरादा कुछ और ही बना लिया था। परिवार के सभी सदस्यों के सो जाने के बाद उन्होंने बंगले के रेस्ट हाउस में अपनी लायसेंसी रिवाल्वर से कनपटी में गोली मारकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, गोली की आवाज सुनकर परिवार के सदस्यों ने मौके पर जाकर देखा तो सन्न रह गए। आनन फानन में उन्हें उपचार हेतु तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधोगपति कारोबारी अजय गेई की मौत से उद्योग जगत के साथ साथ हर वर्ग के लोगों के बीच शोक की लहर है। सूचना पर एएसपी डॉ संतोष डेहरिया पुलिस दलबल के साथ, फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंचे।

शाम को अजय गेई का अंतिम संस्कार किया गया। मुक्तिधाम में विधायक संजय पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, पीताम्बर टोपनानी, गंगाराम कटारिया, पवन मित्तल, शशांक श्रीवास्तव, श्रीचन्द, करमचंद आसरानी, ईश्वर रोहरा सहित शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर, प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी, संगठनों के पदाधिकारी भी पहुंचे।

*सेम्पल रिपोर्ट आने पर की जाएगी आगे की कार्यवाही*

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने की खाद्य सामग्री की जांच, एकत्र किये सेम्पल





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा ऋतु के दृष्टिगत जिले में स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा लगातार खाद्य सामग्री की जांच की जा रही है।

### यहां की गई जांच

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि इसी क्रम में बीते दिनों ग्राम कुआं स्थित तीन किराना दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान गणेश किराना से सरसों तेल, दलिया, गुलाब जामुन पाउडर का नमूना जांच हेतु लिया गया। इसी प्रकार लवकुश किराना से सरसों तेल का नमूना लिया गया। वहीं श्रीराम किराना से मिल्क टोस्ट एवं रिलीफ चाय का नमूना लिया गया है। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिया गया है। इसके पूर्व बरही रोड स्थित छोटू समोसा सेंटर एवं श्रीराम फास्ट फूड की जांच कर समोसा तले हुए खुले तेल के 2 सैंपल लिए गये। वहीं विकास प्रोविजन एवं गोपाल आइसक्रीम से केक एवं आइसक्रीम की जांच मौके पर ही मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से कराई गई। इसके अलावा स्टेशन रोड स्थित सेवा हिन्दू होटल एवं शिव हिंदू होटल से फोर्टीफाइड रिफाइंड सोयाबीन के 2 सैंपल लिए गए जो जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिया गया है। सैंपल की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कारवाई की जाएगी। इन सभी दुकानदारों को साफ-सफाई का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## रोजगार मूलक प्रशिक्षण सिलाई एवं ब्यूटी थैरेपी की दी जानकारी



विजयराघवगढ़ शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों के द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। प्राचार्य डॉ सुषमा श्रीवास्तव द्वारा महाविद्यालयीन शैक्षणिक गतिविधियों व विषयों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें मार्ग दर्शन दिया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्रों द्वारा उनके अपने अनुभव साझा किए गए। महाविद्यालय में संचालित रोजगार मूलक प्रशिक्षण सिलाई और ब्यूटी थैरेपी की जानकारी श्रीमती अर्चना कोटवानी, एवं श्रीमती साधना विश्वकर्मा द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में डॉ सुमन पुरवार ने रैगिंग से संबंधित, श्रीमती ज्योति ताम्रकार ने ई- लाइब्रेरी , डॉ सरिता विश्वकर्मा ने अनुशासन, डॉ ज्योति सोनी द्वारा स्वयं पोर्टल से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

# तिलक कॉलेज परिसर में आजीविका स्वाद संगम कैंटीन का हुआ शुभारंभ

**महिला स्वा-सहायता समूह द्वारा संचालित की जाएगी कैंटीन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक कॉलेज में शुक्रवार को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और जनभागीदारी समिति के अध्यजक्ष पीयूष अग्रवाल ने यहां आजीविका स्वाद संगम कैंटीन का शुभारंभ किया। शासकीय तिलक कॉलेज परिसर स्थित इस आजीविका स्वायद संगम कैंटीन का संचालन ममता संकुल स्त्रीय संगठन स्लीइमनाबाद द्वारा किया जाएगा। समूह द्वारा संचालित होने वाली इस कैंटीन के माध्यंम से महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर स्वावद और गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री वाजिब दर पर उपलब्धा हो पायेगी। इस दौरान जिला पंचायत के उपाध्यजक्ष अशोक विश्विकर्मा, एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन शबाना बेगम, पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, जनपद पंचायत कटनी व बड़वारा के सीईओ प्रदीप सिंह, प्राध्या पक डॉ. सुधीर खरे, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. मृदुला गर्ग, डॉ. सुनील वाजपेयी सहित स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

*किसानों के पंजीयन हेतु आधार वैरीफिकेशन आवश्यक*

# मूंग एवं उड़द फसलों के उपार्जन के लिये पंजीयन की आज अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विपणन वर्ष 2025-26 के लिए मूंग एवं उड़द फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि शनिवार 5 जुलाई है। जिले के किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र तथा एमपी किसान ऐप पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। जबकि एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे पर पंजीयन की सुविधा सशुल्क उपलब्ध है।

पंजीयन करने से पहले किसानों के आधार नंबर का वेरिफिकेशन, लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस से किया जाएगा। किसानों का पंजीयन भू अभिलेख में दर्ज खाता एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होने पर ही हो सकेगा। पंजीयन केंद्र पर किसान को आधार संबंधी दस्तावेज, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा सिकमी नामे की प्रति साथ में लेकर आना अनिवार्य है। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नम्बर एवं आईएफएससी कोड की जानकारी भी उपलब्ध करानी होगी। यदि किसी कारणवश आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए खाते में भुगतान किया जाएगा।

## केन्द्रीय विद्यालय में रजिस्ट्रेशन हेतु फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 5 जुलाई

**कटनी।** केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी में कक्षा दूसरी से कक्षा पाँचवी तक प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि शनिवार 5 जुलाई दोपहर 1 बजे तक है। विद्यालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा के पश्चात कोई भी रजिस्ट्रेशन फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। बिना अपार आईडी के भी रजिस्ट्रे शन फॉर्म जमा किये जा सकते हैं। पहले अपार आईडी जमा करना अनिवार्य किया गया था। परंतु, विगत कुछ समय से अपार आईडी पोर्टल के बंद होने के चलते अभिभावक छात्र की अपार आईडी प्रस्तुत नहीं कर पा रहे थे। केन्द्री य विद्यालय झिंझरी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एन के पचौरी ने बताया कि अभिभावकों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अब अपार आईडी के बिना भी रजिस्ट्रेशन फॉर्म विद्यालय में जमा किए जा सकेंगे। साथ ही कक्षा दूसरी से पाँचवीं में प्रवेश हेतु जारी अनंतिम चयन सूची में यदि छात्र का नाम आता है तो संबंधित अभिभावक द्वारा छात्र का पेन नंबर (परमानेंट एजुकेशन नंबर) विद्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा।

### निगमायुक्त ने कार्यो की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# जर्जर भवनों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करने अधिकारियों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा शुक्रवार को आयोजित लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित कर नागरिकों की सुविधा हेतु विभिन्न मदों से नगर में कराये जा रहे विकास कार्यो की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यो के दौरान पूर्ण सुरक्षा संसाधनों का उपयोग कर गुणवत्ता के साथ विकास कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त श्री दुबे नें नगर के कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यो के साथ ही वर्षा ऋतु के दौरान नागरिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम सीमा अंतर्गत चिन्हित किए जर्जर भवनों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करने की हिदायत अधिकारियों को दी।

### स्कूलों का करें निरीक्षण



निगमायुक्त द्वारा बैठक के दौरान लोक निर्माण शाखा के अधिकारियों को अपनें अपने क्षेत्र के शासकीय स्कूलों का निरीक्षण कर वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल एप्रोच मार्ग को दुरुस्त करानें के साथ ही प्राचार्यो द्वारा शाला में आवश्यक प्राथमिक सुविधाओं जैसे छत, टायलेट मरम्मत, बैठक व्यवस्था, साफ- सफाई, पानी भराव की समस्या का निराकरण कराने जैसी प्राथमिक आवश्यकताओं का अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त श्री दुबे नें अधिकारियों को वार्डो का निरीक्षण कर ऐसे मार्ग जहां वर्षा के दौरान पानी भरनें एवं कीचड़ होने के कारण आवागमन समस्या उतपन्न हो रही हो उक्त स्थलों में मलमा डलवानें, निर्माण कार्य के दौरान छूटे गढडों की फिलिंग करानें सहित मुख्य मार्गो के गढडों की मरम्मत करानें के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन, अनिल जायसवाल, उपयंत्री संजय मिश्रा, जे.पी.सिंह बघेल, पवन श्रीवास्तव, लेखाधिकारी श्रीकांत तिवारी सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# जिले में अब तक 210.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**पिछले साल से 128.8 फीसदी अधिक औसत वर्षा की गई रिकॉर्ड**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 4 जुलाई तक कुल 210.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 326.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जबकि इसी अवधि में बीते वर्ष कुल 92.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 128.8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 180.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 169.6 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 225 मिलीमीटर, बरही तहसील में 191 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 255.5 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 141.5 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 326.2 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 194.2 मिलीमीटर कुल वर्षा दर्ज की गई है।

**खबर संक्षेप**

### संयुक्त कार्रवाई कर 1900 रुपए का वसूला जुर्माना

**कटनी।** जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुगम यातायात व्यवस्था और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने एवं अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के कारण होने वाले संभावित जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस और नगर निगम की एक संयुक्त टीम द्वारा गर्ग चौराहा एवं खिरहनी फाटक ओवर ब्रिज में विशेष अभियान चलाया जाकर चालानी कार्यवाही की गई। नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि चलाए गए अभियान के तहत यातायात प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर रहे सड़क किनारे अव्यवस्थित एवं अवैध रूप से 6 खड़े वाहनों को क्रेन के माध्यम से खिंचवाया जाकर वाहन मालिकों के खिलाफ लगभग 1 हजार 900 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। अतिक्रमण प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि सड़क किनारे गलत पार्किंग और अतिक्रमण सीधे तौर पर जाम का कारण बनते हैं, जिससे यात्रियों का समय बर्बाद होता है और असुविधा होती है। इस गंभीर समस्या के निराकरण हेतु पुलिस एवं नगर निगम द्वारा यह संयुक्त कार्यवाही की जा रही है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### नोटिस के बाद भी 4 पट्टेदारों ने जमा नहीं राशि

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर निगम ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत डिमांड शुल्क की राशि जमा नहीं किये जाने पर पर भेजे गए सूचना पत्र के फलस्वरूप शुक्रवार को भी दो अन्य पट्टेदारों द्वारा अपनी डिमांड शुल्क की राशि निगम कोष में जमा कर अपनी-अपनी अनुज्ञा प्राप्त की गई। इस संबंध में निगमायुक्त श्री दुबे नें बताया कि उल्लेखनीय है कि ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत 8 पट्टेदारों द्वारा गो-डाउन निर्माण हेतु ए.बी.पी.एस. पोर्टल में कंसलटेंट के माध्यम से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा के आवेदन उपरांत निर्धारित डिमांड राशि जमा नहीं किये जाने पर 7 दिवस के अंदर डिमांड शुल्क जमा करने के निर्देश दिये जाकर विपरीत परिस्थितियों में लीज निरस्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु सूचित किया गया था। ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत पट्टेदार तिवारी ट्रांसपोर्ट के प्रोपराइटर नितिन तिवारी पिता उमाशंकर तिवारी तथा पाण्डेय गुड्स कैरियर के प्रोपराईटर सुधा पांण्डेय परि विनय कुमार पांडेय द्वारा अपनी-अपनी डिमांड शुल्क की राशि निगम कोष में जमा कर अनुज्ञा प्राप्त की गई। निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा शेष पट्टेदारों से अपने डिमांड शुल्क की निर्धारित राशि शीघ्र निगम कोष में जमा कर अप्रिय स्थिति से बचने का आग्रह किया गया है।

### एएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**कटनी।** पर्वों के दौरान कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के नेतृत्व में शहर के थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारी एवं पुलिस बल की सहभागिता से विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख क्षेत्रों में किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार प्रत्येक थाने को अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए गश्त बढ़ाने, सूचना तंत्र को सक्रिय रखने एवं सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस द्वारा रणनीतिक तैनाती के साथ ही आवश्यक बल की रिजर्व में व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। ड्रोन से निगरानी का उद्देश्य भीड़-प्रबंधन, यातायात नियंत्रण तथा उच्च स्थानों से निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाना है। फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अफवाह या अनुचित आचरण की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

**कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम ने इमलिया में की कार्रवाई**

# भू-माफिया पर चला कार्रवाई का हंटर, 3 करोड़ की सरकारी भूमि से हटाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के समय-सीमा बैठकों मे कलेक्टंर दिलीप कुमार यादव द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों के पालन में शुक्रवार को जिला प्रशासन की टीम ने ग्राम गैंतरा, भरौली और ग्राम इमलिया में बड़ी कार्रवाई कर भू-माफिया के रसूख पर जेसीबी मशीन चलाकर अतिक्रमण को नेस्तयनाबूद कर दिया। तहसीलदार अजीत तिवारी के नेतृत्वय में की गई इस कार्रवाई में ग्राम गैंतरा और ग्राम भरौली में करीब 10 एकड़ शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्तो कराया गया। इस भूमि का अनुमानित बाजार मूल्ये करीब 3 करोड़ रूपये आंकी जा रही है।

एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्राम गैंतरा के खसरा नं. 378/1 के रकबा 26.44 हेक्टेवयर के अंशभाग 0.60 हेक्टेयर (1.5 एकड़) पर प्रीतम लाल पटेल द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जो करके फैंसिंग करा ली गई थी। जिसे जिला प्रशासन और पुलिस बल द्वारा संयुक्ती रूप से कार्रवाई कर मुक्ते कराया गया। इस भूमि की अनुमानित बाजार मूल्य 2 करोड़.रूपये बताई जा रही है।

इसी प्रकार ग्राम भरौली के खसरा नं. 131 एवं खसरा नं. 121 रकबा क्रमशः 0.55 हेक्ट्रेयर और 2.9 हेक्टेयर भूमि (सम्मिलित रूप से करीब 8.5 एकड़ ) के अंश भाग में बने अनाधिकृत कब्जे् पर जेसीबी मशीन चलवाकर करीब 1 करोड़ रूपये की शासकीय भूमि मुक्त कराई गई।

जबकि ग्राम इमलिया में भूमिस्वामी हेमू कॉलोनी वॉर्ड निवासी हरीश कुमार पिता आत्माकराम बजाज, संजय कुमार बजाज पिता नंदी राम बजाज, दिनेश कुमार पिता जेठानंद डोडानी द्वारा खसरा नं. 143/1, 138, 134, 135, 139/2, 154, 153/2 और खसरा नं. 142/2, 140, 142/1 औंर 141 नंबर के खसरा में अवैध प्लॉ/टिंग कर अवैध आरसीसी रोड निर्मित की गई थी। शासकीय नाले की भूमि पर अवैध कब्जार कर बनाया गया था। उपरोक्तर भूमि राजस्वत अभिलेख में कृषि भूमि के रूप में दर्ज है। जिसमें बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति तथा टाउन और कंट्री प्ला निंग से बिना लेआउट नक्शार स्वीजकृत कराये कृषि भूमि में गैर कृषि प्रयोजन के लिए सड़क-रास्ता का निर्माण कराया जा रहा था। जिस का मौका मुआयना जांच कर पाया गया कि खसरा नं. 143/1/1 से पश्चिम दिशा में लगभग 12 मीटर चौड़ी 250 मीटर लंबी रोड बनाई गई है। साथ ही मौके पर खसरा नं. 133 रकबा 0.82 हेक्टेटयर शासकीय नाला है। जो खसरा नं. 134, 135, 139, 140 एवं 154 के मध्यर स्थित है। यहां निर्माण कार्य कराने और नाले के कुछ अंश को पूर कर समतल करने से नाले का स्वरूप परिवर्तित हुआ है। यहां पर भी तहसीलदार अजीत तिवारी के नेतृत्वे वाले दल ने सड़क तोडने की कार्रवाई की। ताकि नाले का मूल स्वारूप बना रहे और सुगम व निर्बाध जलप्रवाह हो सके।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अजीत तिवारी, नायाब तहसीदार अतुलेश सिंह, पटवारी बालकृष्णक पाण्डेय, अवध मिश्रा, आतिश राजपूत, अंजली जैन के साथ-साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## छात्रावासों में विद्यार्थियों को मेस संचालन की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में संचालित छात्रावासों में मैस की सुविधा नहीं होने को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति अशोक विश्वकर्मा द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। पिछले दिनों पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने भी श्री विश्वकर्मा से मैस की सुविधा नहीं होने की वजह से परेशानियों से अवगत कराया था। जिसको गंभीरता से लेते हुए श्री विश्वकर्मा द्वारा छात्राओं की परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विभागीय मंत्री के साथ ही जिले के प्रभारी मंत्री को भी छात्राओं की परेशानी से अवगत कराया था। श्री विश्वकर्मा के प्रयासों को सफलता मिली है। विगत दिवस मध्यप्रदेश मंत्रीमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विभागीय छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों के लिए मेस संचालन की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा इसके लिए 31 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा राशि स्वीकृत किए जाने के बाद अब पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के विभागीय छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों न केवल मेस संचालन की सुविधा मिलेगी, वरन उन्हें परेशानियों से भी निजात मिलेगा, जिससे अब वे अपना समय अध्ययन में केन्द्रित कर पाएंगे। जिस पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति अशोक विश्वकर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार जताया है।

### आयुक्त ने चाक-चौबंद व्यवस्थाएं रखने दिए निर्देश

**कटनी।** सब्जी मंडी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा वापसी को दृष्टिगत रखते हुए समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए है। निगम के विभागीय अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सब्जी मंडी स्थित राधा कृष्ण मंदिर, कमानिया गेट, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए जगन्नाथ स्वामी मंदिर के आसपास सहित जगन्नाथ चौक में विशेष साफ-सफाई, चूने की लाईनिंग, कीटनाशक दवाईओं का छिड़काव, समुचित प्रकाश व्यवस्था, नल लगा पानी का टेंकर, सहित जुलूस मार्ग में पेट्रोलिंग कर अस्थाई अतिक्रण को हटानें एवं आवारा मवेशियों पर कार्यवाही करनें निर्देश दिए है।

**विधायक द्वारा विद्यार्थियों को वितरित किये गए प्रमाण पत्र**

## एक्सीलेंस स्कूल में प्रतिभावान छात्र छात्राओं को स्कूटी व लैपटॉप वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को लैपटॉप एवं स्कूटी वितरण का कार्यक्रम विकासखंड स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस. एम. सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में बड़वारा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता , मंडल अध्यक्ष विलायतकला अजय सोनी , महेन्द्र जायसवाल , हर्ष द्विवेदी , संतोष दुबे , प्राचार्य चंदन सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम में समस्त छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया ।विधायक ने अपने उद्बोधन में सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए इसी प्रकार आगे भी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने हेतु प्रेरित किया।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी बड़वारा द्वारा सभी छात्र छात्राओं को मेहनत करने एवं जीवन में अच्छा मुकाम प्राप्त करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र छात्राओं एवं बाहर से आए हुए समस्त शिक्षकों को अल्पाहार कराया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया द्वारा एवं संचालन विनोद सिंह क्षत्रिय एवं अनामिका सोनी द्वारा किया गया। पंजीयन का कार्य श्रीमती सरिता शर्मा, शिवानी यादव, अंकिता सिंह, विभा मिश्रा द्वारा किया गया। प्रमाण पत्र तैयार करने में अरविंद तिवारी, प्रतीक सिंह, महेन्द्र गौतम की भूमिका रही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहन निगम, निखिलेष यादव, आरती तिवारी, कर्ण सिंह ठाकुर,शीला त्रिपाठी, तनिष्का सिंह, सीता विश्वकर्म, रश्मि सिंह,प्रदीप तिवारी, सुभाषिणी सिंह, चित्रा पाठक,अनिल अरकरे, निधि चढ़ार, सुशील कुमार, मनीष विश्वकर्मा का योगदान रहा।

**संयुक्त टीम ने रेस्टोरेंट में चल रहे हुक्का बार में की कार्रवाई**



जिला प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बरगवां क्षेत्र स्थित ऑलिव रेस्टोरेंट में संचालित अवैध हुक्का बार पर छापेमार कार्रवाई की। बरगवां इलाके में संचालित ऑलिव रेस्टोरेंट एंड कैफे के संबंध में प्रशासन के पास इनपुट मिला था कि यहां अवैध रूप से हुक्का बार चलाया जा रहा है जिस पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर तहसीलदार अजीत तिवारी, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह, आकाशदीप नामदेव,आबकारी सहित पुलिस विभाग की संयुक्त टीम, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने दबिश देकर 2 बड़े हुक्का, 4 अलग-अलग फ्लेवर के साथ अन्य सामग्री जब्त की है। एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि अवैध हुक्का बार की शिकायत पर राजस्व, आबकारी सहित कटनी पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमार करते हुए योगेश रावलानी के रेस्टोरेंट ऑलिव में दबिश देकर कार्रवाई की।

## सामूहिक सहभागिता से पौधारोपण कर क्षेत्र को पार्क के रूप में विकसित करने होंगे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगरीय क्षेत्र में पर्यावरण को स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरा भरा बनाए रखनें हेतु नगर निगम के माध्यम से संचालित हो रहे पौधारोपण अभियान को जनसहभागिता के माध्यम से वृहत स्वरूप प्रदान कर अभियान को प्रभावी बनाने हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा विगत दिवस प्रेमनगर बस्ती स्थित एएचपी मल्टी के पास रिक्त शासकीय भूमि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निगमायुक्त श्री दुबे ने रिक्त शासकीय भूमि के स्थल पर वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाकर क्षेत्र को पार्क के रूप में विकसित करने हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने नगर निगम द्वारा कराये जाने वाले पौधारोपण कार्यक्रम की वृहद कार्ययोजना तैयार करते हुए स्थल, भूमि एवं फलदार, छायादार, फलदार व औषधी प्रजाति के पौधे क्रय करते हुए उनके रोपण हेतु आवश्यकतानुसार गड्ढे एवं पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए। निगमायुक्त श्री दुबे नें निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उपयंत्री श्रीमती मोना करेरा ने जानकारी देते हुए पौधारोपण अभियान को दृष्टिगत रखते हुए स्थल पर लगभग 650 से अधिक गड्ढे कराये जाने का कार्य किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री आदेश जैन, उपयंत्री मोना करेरा जायेन्द्र प्रताप सिंह, अश्विनी पाण्डेय, संजय सोनी मौजूद रहे।

**कोरोना के बाद से स्टेशन में ट्रेनों का नहीं हो रहा स्टापेज**

## रूपोंद व झलवारा रेल्वे स्टेशन में ट्रेनों को रोकने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रूपोंद रेलवे स्टेशन एवं झलवारा रेलवे स्टेशन पर कोरोना के समय से पहले सभी ट्रेन रुकती है। लेकिन भारतीय रेलवे के द्वारा कोरोना भयानक बीमारी के समय ट्रेनों का स्टॉपेज रूपोंद रेलवे स्टेशन एवं झलवारा रेलवे स्टेशन पर रोक लगा दी गई थी लेकिन कोरोना जैसी भयानक बीमारी के खत्म होने के बाद जहां पूरे भारत में दुबारा ट्रेनों का आवा -गमन चालू हो गया था परंतु बड़वारा विधानसभा के अंदर आने वाले रूपोंद रेलवे स्टेशन एवं झलवारा रेलवे स्टेशन में रुकने वाली सभी ट्रेनों पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया गया जिससे रेलवे स्टेशन से लगे गांव की लाखों गरीब जनता को आवा गमन हेतु समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यहां की गरीब जनता को रेलवे से आवा गमन करने हेतु बड़वारा से 25 किलोमीटर दूर कटनी रेलवे स्टेशन अथवा बड़वारा से 40 किलोमीटर दूर उमरिया रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है जिससे समय और पैसों की समस्या का सामना यहां की जनता को करना पड़ रहा है। और रेलवे के माध्यम से होने वाले व्यापार भी ठप्प हो रहे है। जिससे क्षेत्र की समस्या को देखते हुए बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ( धीरू भैया) के प्रतिनिधि मंडल ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश से मुलाकात करके यहां की जनता को होने वाली समस्या से अवगत कराया गया एवं ट्रेनों के रुकने में लगे प्रतिबंध को हटाकर पुनः ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई एवं रूपौंद ग्राम की पुलिया से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया 1

रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा नर्मदा एक्सप्रेस 18233/ 18234, बिलासपुर एक्सप्रेस 18235/18236, रीवा एक्सप्रेस 11752, चिरमिरी एक्सप्रेस 11751, बिलासपुर एक्सप्रेस 18247/ 18248 ट्रेनों के ठहराव एवं रूपौंद ग्राम की पुलिया की समस्या को निराकरण हेतु पूर्ण आश्वासन दिया 1

इस अवसर पर देवरी हटाई मंडल अध्यक्ष नितिन पांडे , सुरेंद्र जायसवाल, दिनेश गुप्ता, सरपंच रूपोंद कमलेश यादव, सरपंच अनिल पटेल, हर्ष द्विवेदी, केतन गर्ग, अंकित रजक एवं समस्त ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही 1

**उत्कृष्ट उमावि माधवनगर में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम**

# जिले के 1614 प्रतिभाशाली छात्रों को लैपटॉप के लिए मिले 4 करोड़ रूपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी






मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में लैपटॉप प्रोत्साहन राशि अंतरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से कटनी जिले के 1 हजार 614 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप क्रय हेतु 4 करोड़ 3 लाख 50 हजार रूपये की राशि प्रदान की।

जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा सहित जिला शिक्षा अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। जिन्होंने मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में संबोधन के प्रसारण को यहां वर्चुअली देखा और सुना।

### 75 फीसदी से अधिक पर राशि

सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1 हजार 614 विद्यार्थियों को 4 करोड़ 3 लाख 50 हजार की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से बैंक खाते में अंतरित की। जिसमें 960 छात्रायें एवं 654 छात्र शामिल है। प्रत्येक छात्र को 25 हजार रूपये के मान से प्रतिभाशाली प्रोत्साहन राशि अंतरित की गई है। विदित हो कि कक्षा 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को यह राशि प्रदान की जाती है।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदाय योजना में लैपटॉप की राशि मिलने पर विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न दिखे और इसके लिए उन्होंने राज्य शासन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। संदीपनी विद्यालय कटनी के वेद गौतम को 12वीं कक्षा में 82.4 फीसदी अंक मिलने पर लैपटॉप की राशि मिली। इसी प्रकार श्रेष्ठा त्रिपाठी ने 75 फीसदी से अधिक अंक अर्जित करने पर 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि मिलने पर खुशी जताई। इसके अलावा शशांक तिवारी, महक विश्वकर्मा, पूर्णिमा पाण्डेय, आकांक्षा काछी ने भी 75 फीसदी से अधिक अंक अर्जित किया और इन सबको लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रूपये की राशि मिली। सभी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### छात्रावास में प्रवेश हेतु 20 तक मौका

**कटनी।** शासकीय पिछड़ा वर्ग पोस्ट9 मैट्रिक कन्या छात्रावास बरगवां एवं शासकीय पिछड़ा वर्ग पोस्टै मैट्रिक बालक छात्रावास खिरहनी में सत्र 2025-26 में महाविद्यालयीन छात्रों के प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई है। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यिक कल्याएण ने बताया कि प्रवेश हेतु पिछड़ा वर्ग के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन दस्तांवेजों के साथ जमा कराएं।


स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### नवागत संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने किया पदभार ग्रहण

**पन्ना।** राज्य शासन द्वारा सागर संभाग के लिए नवनियुक्त संभागायुक्त अनिल सुचारी ने संभाग आयुक्त कार्यालय सागर में आज अपना पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2006 बैच के अधिकारी श्री सुचारी इसके पूर्व कलेक्टर विदिशा, एमडी पाठ्य पुस्तक निगम, सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल, अतिरिक्त सचिव गृह विभाग एवं परिवहन विभाग, कमिश्नर रीवा संभाग, कमिश्नर शहडोल संभाग, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के महत्वपूर्ण पदों में रहकर दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

### पवई नगर के 72 मेधावी छात्र छात्राओं को मिली लैपटॉप राशि

**पवई।** बीते महीनों माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के वार्षिक परीक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे, जिसमें कक्षा 12 वीं में प्रदेश भर के विभिन्न संकायों में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी एवं प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा भोपाल के कुशा भाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भर के 94234 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए।

चातुर्मास की मंगल कलश स्थापना का आयोजन 12 जुलाई को विरागोदय तीर्थ धर्म में

# जैनाचार्य श्री विराग सागर जी का प्रथम समाधि स्मृति दिवस के रूप में मनाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

बुंदेलखंड के प्रथम दिगम्बर आचार्य श्री विराग सागर जी महराज की जन्मस्थली पथरिया में प्रथम समाधि के दिन स्मृति दिवस के रूप में अतिशय क्षेत्र श्री पार्श्वनाथ जैन बड़े मंदिर के विशाल प्रांगण में प्रातःकाल की बेला में पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी ससंघ के मंगल सानिध्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ भोपाल से आए पूर्व कलेक्टर सुरेश जैन, न्यायमूर्ति विमला जैन,अरुण कोडरिया अहमदाबाद,गौरव जैन सागर ने किया। समाधि सम्राट आचार्य विराग सागर जी के चरण चिन्ह का प्रक्षालन भी बाहर से पधारे अतिथियों को प्राप्त हुआ। जैनाचार्य विराग सागर जी की मंगल संगीतमय पूजन का अवसर भी भक्तों को प्राप्त हुआ। सुरेश जैन,अरुण कोटाडिया,बापू जैन ने अपनी भावभीनी विनयांजलि अर्पित की। आचार्य विशुद्ध सागर जी ने स्मृति दिवस के अवसर अपने हृदय के उदगार व्यक्त किए जिसमें उन्होंने अपने दीक्षा गुरु विराग सागर जी से जुड़े हुए कई संस्मरण सुनाए पथरिया में जन्मे बेटे अरविंद ने धर्म संस्कारो से ऐसी नींव भरी की आज श्रमण परंपरा का आज विशाल महल खड़ा कर दिया 400 से अधिक जैनेश्वरी दीक्षाएं प्रदान की जो आज पूरे विश्व में धर्म की प्रभावना कर रहे है।

बुंदेलखंड की पावन भूमि के पथरिया ग्राम में अवतरित अध्यात्म,मानवता की प्रतिमूर्ति 350 ने पूरे भारत में 2 लाख किलोमीटर पैदल चलकर अहिंसा व्यसन मुक्ति, शाकाहार,भारत निर्माण की भावना लेकर अलख जगाई। अनोखे संत जिनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विधासागर जी महाराज के संस्मरण में कहा कि जब बालक अरविंद कटनी के जैन संस्कृत विद्यालय में शिक्षा अध्ययन कर रहे तब आचार्य श्री का स्वास्थ्य खराब होने पर दिन रात सेवा व्यावृत्ति करते थे तभी उनके मन में वैराग्य उमड़ गया और घर का रास्ता भूल गए। सन 1990 में पथरिया के पंचकल्याणक में आचार्य विद्यासागर जी एवं मुनि विराग सागर जी के संयुक्त सानिध्य में ऐतिहासिक संपन्न हुआ।

लगभग 2 घंटे की मंगल देशना में पूज्य पट्टाचार्य ने अनेक संस्मरण सुनाए साथ ही कहा गुरु के बारे में बोलने मेरा सामर्थ्य नहीं नहीं घंटों तो क्या कई दिनों का समय भी बोलने मिले तो पूरा नहीं सुनाया जा सकता है।सभी की भावना अनुरूप चातुर्मास की मंगल कलश स्थापना का आयोजन 12 जुलाई को विरागोदय तीर्थ धर्म में आयोजित होगा जिसमें पूरे देश से हजारों की संख्या में भक्त शामिल होंगे।

# संदीपनी विद्यालय में लैपटॉप राशि वितरित

## लैपटॉप प्रोत्साहन योजना में हटा ब्लाक के 229 विद्यार्थी लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के माध्यम से सत्र 2024-25, कक्षा 12 वीं की परीक्षा में 75% एवं उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को इस वर्ष भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा एक क्लिक के माध्यम से समूचे प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राशि अंतरण की गई जिसका विकासखंड स्तरीय लैपटॉप प्रोत्साहन योजना का वितरण कार्यक्रम शुक्रवार को संदीपनी विद्यालय में विधायक श्रीमति उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य में प्रभारी बीईओ बीएल बिदौलया की अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन उपरांत किया गया इसके उपरांत मुख्यमंत्री का भोपाल से सीधा प्रसारण दिखाया गया जिसमें प्रदेश भर के विद्यार्थियों को राशि अंतरित की गई वही विधायक उमादेवी खटीक व उपस्थित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रभारी बीईओ बीएल बिदौलया ने बताया कि हटा विकासखंड की समस्त 12 शासकीय हाई सेकेंडरी व निजी हायर सेकेंडरी स्कूलों से प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत इस वर्ष 229 छात्र छात्राए चयनित किए गए है जिन्हें लैपटॉप खरीदने के लिए शासन की ओर से 25-25 हजार रूपए की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में लगभग 132 छात्र छात्राओं की सहभागिता रही जिन्हें मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल पहनकर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समाज सेवी सुनील राय, जिला अध्यक्ष भाजपा पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष भोले सराफ, मयंक खटीक द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी.एल.विदौल्या द्वारा शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के बारे में बच्चों एवं अभिभावकों को बताया साथ ही जो इस वर्ष कक्षा 12 वी में विधार्थी है उन्हें भी प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में विधालय की प्रभारी प्राचार्य ऋचा चौबे के अलावा विकासखंड की सभी शासकीय व प्राइवेट हाई सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य अभिभावकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा अग्रवाल व पी.एन.खेमरिया द्वारा किया गया।

# तीर्थयात्रा और पर्यटन में बहुत अंतर है -पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय अथाई रोड आमचोपरा स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि तीर्थ को तीर्थ रहने दें उसे पर्यटन स्थल ना बनाएं तीर्थयात्रा और पर्यटन में बहुत बड़ा अंतर है तीर्थयात्रा अंतःकरण के विस्तार का एक संकल्प है और पर्यटन भौतिक जगत में सुख खोजने का आर्थिक उद्यम है किसी तीर्थ स्थान की यात्रा से धार्मिकता पूरी नहीं हो जाती है तीर्थयात्रा से धर्म की संकल्प यात्रा प्रारम्भ होती है तीर्थों में संकल्प का बड़ा महत्व है वह संकल्प यथार्थ में जीवन यात्रा के परिवर्तन का होता था तीर्थों की उपादेयता जीवन में यात्रा के भौतिक विस्तार के माध्यम से अंतःकरण के विस्तार की थी वह विस्तार ही तीर्थत्व है जो व्यक्ति के व्यष्टि भाव को समष्टि से जोड़ने का एक उपक्रम है वह स्थान जो सीमित को असीमित से जड़ता हो उसे पार लगाने के अर्थ में तीर्थ कहा गया। तीर्थयात्रा संकल्प के माध्यम से जीवन के अंतःपरिवर्तन की भारतीय संस्कृति की दिव्य विधा है श्रेष्ठ संकल्पों के साथ धर्म की एक नई यात्रा प्रारम्भ होती थी इसलिए भारतीय संस्कृति में तीर्थयात्रा का विशेष स्थान है व्यक्ति के जीवन में तीर्थयात्रा के पश्चात जो परिवर्तन आता था वही उस तीर्थ का तीर्थत्व था आज भी बहुत से लोगों के जीवन में परिवर्तन आता है जो तीर्थ में तीर्थत्व का भाव करते हैं वही यथार्थ तीर्थयात्री हैं और बाकी जो तीर्थ में तीर्थत्व का भाव नहीं कर पाते उनके लिए वह पर्यटन सुख है जिसे आज आर्थिक उद्यम के साधन के रूप में परिभाषित किया जा रहा है संगम में स्नान के पश्चात पापकर्म से मुक्त होने का संकल्प खड़ा हुआ तो तीर्थयात्रा पूरी हुई वरना यह लोकाकर्षण में एक पर्यटन मात्र होगा तीर्थयात्री का तीर्थयात्रा के बाद का जीवन ही तीर्थत्व को प्रकट करता है रविवार शनिवार या सार्वजनिक छुट्टी देख कर लोग देव दर्शन के लिए आते हैं वे सब भक्त कैसे माने जायें। जहाँ दर्शन के लिए सुविधा का चयन किया गया भीड़ में दर्शन धक्के खाकर करने मे हैं पर शान्ति से दर्शन के लिए एक छुट्टी अलग से लेने तक का त्याग नहीं कर सकते दर्शन के लिए छुट्टी का चयन बस बात वहीं से बिगड़ती है त्याग नही जप नहीं तप नहीं सिर्फ स्वार्थ अतरिक्त पाने की चाह दूसरे की देखा देखी बस एक होड़ भेड़चाल यह मानसिकता तीर्थ के प्रति भाव को पर्यटन और सैरसपाटे में बदल देती है छुट्टी की कीमत पर देव दर्शन और सुविधा की कीमत पर भक्ति भक्ति मानसिक रोगियों भेड़चाल मार्गी सुविधा भोगियों का पथ नहीं सुविधा भोगी जीवन दलदल है इस में मनुष्य जितना जायेगा और फँसेगा सुविधा धन के मूल्य पर है तो कहीं से कैसे भी केवल धन लाओ देव दर्शन तीर्थभाव और पर्यटनभाव के द्वन्द्व से गुजर रहा है और यह स्थिति कोई अकेले किसी एक तीर्थ की नहीं है लगभग भारत के सभी तीर्थों के आगे अब यही संकट है तीर्थों के विकास की अवधारणा आखिर क्या है तीर्थ का भला कोई क्या विकास करेगा तीर्थ यानि तप त्याग पर्यटन जिसे प्रायः अंग्रेज़ी शब्द टूरिज्म का पर्याय मान लिया गया है यानि उपभोग भोग विकास सुविधाओं के लिए एक शब्द है और सुविधा का मूल्य धन है तीर्थ का विकास करेंगे यह विचार ही मूल में गलत है अरे भाई तीर्थ का संरक्षण करेंगे यह कोई क्यों नहीं सोचता क्यों कि विकास में सुविधा है और संरक्षण में तप है त्याग है श्रम है तीर्थ की आत्मा तप है और जीवन में सुविधाओं का भला कोई अन्त है आग से भला कोई आग बुझ सकती है।

# कृषक बंधुओं को बीज बनाने हेतु 4 किलो के बीज निःशुल्क मिनीकिट वितरित

**दमोह।** उपसंचालक कृषि दमोह जे.एल. प्रजापति ने कृषकों से आग्रह करते हुए कहा कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण चल रहा हैं, शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार किया जा रहा हैं। बीज वितरण अंतर्गत कृषक बंधुओं को बीज बनाने हेतु 4 किलो के बीज मिनीकिट के वितरित किए जा रहे हैं जो पूर्णतः निःशुल्क हैं। एक किसान को एक ही मिनीकिट का वितरण योजना प्रावधान अनुसार किया जायेगा। फसल प्रदर्शन का बीज किसान बंधुओं को एमपी किसान पोर्टल 2.0 पर पंजीयन करने के उपरांत कैफेटेरिया का पालन करते हुए बीज वितरण का प्रावधान हैं। उन्होंने कहा फसल प्रदर्शन में कैफेटेरिया के अंतर्गत बीज/मृदा उपचार हेतु राइजोबियम कल्चर, पीएसबी कल्चर एवं ट्राइकोडर्मा कल्चर का उपयोग किया जाना अनिवार्य हैं। इसके साथ ही कैफेटेरिया के अंतर्गत सूक्ष्म पोषक तत्व पौध संरक्षण औषधि कीटनाशी, खरपतवारनाशी फफूंदनाशी आदि का उपयोग करने पर कैफेटेरिया अनुसार कृषकों द्वारा सामग्री क्रय करने पर निर्धारित प्रारूप में बिल प्रस्तुत करने पर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा सत्यापन उपरांत डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में भुगतान किया जाएगा। यदि कैफेटेरिया का पालन नहीं होता है तो वह प्रदर्शन मान्य नहीं होगा। उन्होंने कहा किसान बंधुओं को विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं में बीज प्रमाणीकरण संस्था से प्रमाणित बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। दमोह विकासखंड में अमानक बीज वितरण से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी उस बीज का नमूना लेकर फोटोग्राफी एवं वीडियो ग्राफी की गई है तथा प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा गया है यदि बीज अमानक पाया जाता है तो संबंधित संस्था के विरुद्ध बीज अधिनियम 1966 एवं बीज(नियंत्रण) आदेश 1983 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा प्रदर्शन का बीज निःशुल्क हैं परंतु प्रदर्शन में उपयोग होने वाली कैफेटेरिया अनुसार सामग्री का उपयोग किया जाना अनिवार्य हैं। कैफेटेरिया की सामग्री निःशुल्क नही हैं।

# शराब पीकर मां बेटी के साथ हुई मारपीट अमानगंज थाना में मामला दर्ज

**अमानगंज।** फरियादी अनीता पति विनय चनपुरिया उम्र 42 वर्ष निवासी महेबा ने शुक्रवार की शाम 7:00 बजे अमानगंज थाना पहुंच कर पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उसका देवर पलटू उर्फ अजय आए दिन शराब पीकर विवाद करता है आज फिर घर में आकर पलटू उर्फ अजय चनपुरिया द्वारा विवाद किया गया को रोकने पर उक्त आरोपी द्वारा गाली गलौज करना शुरू कर दिया जब इसका विरोध किया तो आरोपी द्वारा त्रिशूल लेकर हमला किया बीच बचाव में आई 14 बर्षीय बालिका स्नेहा पिता विनय चनपुरिया एवं फरियादी महिला अनीता पति विनय चनपुरिया उम्र 42 वर्ष घायल हो गई घायलों को परिजनों ने अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसका उपचार किया गया तदुपरांत अमानगंज पुलिस थाना पहुंचकर आप बीती सुनाई जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### भारतीय सफाई मजदूर संघ ने मनाया क्षेत्रीय विधायक का जन्मदिन

**अमानगंज।** मजदूर सफाई संघ के द्वारा आज क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश वर्मा का जन्म दिवस मनाया जन्म दिवस जन्म दिवस अरुण वाल्मीक नगर यूनियन अध्यक्ष के यहां मनाया गया इसमें भारतीय सफाई मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारी एवं समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे और साथ में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को भी अवगत कराया गया महिला अध्यक्ष बेटी बाई , ओर महिलाएं एवं काशीराम वाल्मीकि तहसील उपाध्यक्ष वीरू वाल्मीकि ,पन्ना जिला कार्यवाहक अध्यक्ष अजय सिगोते भी उपस्थित रहे जिसमें समस्त वाल्मीकि समाज के लोग भी उपस्थित रहे ।

# शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, देवेन्द्र नगर में दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न

**देवेन्द्रनगर।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर पन्ना में नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 का शुभारंभ प्रवेशोत्सव के रूप में 1 जुलाई से 3जुलाई तक भव्य आयोजन के साथ किया गया। यह कार्यक्रम म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने की। उन्होंने संस्कृत भाषा की समृद्ध परंपरा, शिक्षा के शाश्वत मूल्यों और आधुनिक संदर्भों में संस्कृत अध्ययन की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नैतिकता को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। जनभागीदारी समिति की गरिमामयी उपस्थिति में अध्यक्ष पवन शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में संस्कृत के प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समिति द्वारा हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय थाना परिसर में सन्निकट मुस्लिम भाइयों के मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मुस्लिम समाज की ओर से जामा मस्जिद के सदर हाजी जनाब नवाब खान ने बताया कि कल 05 जुलाई की की रात्रि में मजलिस शरीफ के बाद सभी ताजिया अपने निर्माण स्थल से उठेंगे और झंडा चौक से महबूब शाह बाबा की दरगाह तकिया से होते हुए चौगडडा बाया सरकारी अस्पताल के सामने से होते हुये अपने-अपने मकान पर पहुंचेंगे । इसी तरह 60 जुलाई की रात्रि में विशाल मजलिस शरीफ का आयोजन होगा । उसके बाद सभी ताजिया बुर्राक जहूरा स्थानीय जामा मस्जिद से होते हुए जमादार तालाब में विसर्जित होंगे। इस मौके पर थाना प्रभारी श्री गुर्जर ने सभी लोगों से आपसी सद्भाव शांति के साथ पर्व मनाने की गुजारिश की है । बैठक में सुधांशु चौबे एएसआई मलखान सिंह,तैय्युब अली हलकू सिंह, अन्नु राजपूत नरेश साहू गणेश सिंह अल्ताफ बाबू शानु खान असीम खान साजिद खान रहीम खान, सुजात खान साजिद खान सहित बडी.संख्या मे शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरौंहा और कल्याणपुर के बीच बिजली गिरी जिससे एक भैंस की मौत हो गईं घटना की सूचना भैंस मालिक दामोदर यादव पिता सरुपा यादव उम्र 30 वर्ष निवासी रामपुर अमानगंज ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और बताया कि रोज की भांति उसकी भैंस रामपुर से बरोहा के बीच हार मे चरने गए हुई थी मौसम ने अचानक परिवर्तन के साथ काफी आंधी तूफान पानी और बिजली की कड़क लपक के साथ बिजली गिरी जिसकी चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई ।

# भारतीय स्टेट बैंक में कियोस्क संचालक की बैठक संपन्न



**जबेरा।** भारतीय स्टेट बैंक जबेरा में कियोस्क संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नवागत शाखा प्रबंधक अभिषेक रंजन ने सभी से परिचय लिया।इसके उपरांत बैंकिंग कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए आने वाली समस्याओं को सुना।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगो को देवे।साथ ही अटल पेंशन जैसी योजनाओं की जानकारी दें ताकि लोग इन योजनाओं से जुड़े। अधिक से अधिक बैंक खाता खोलें।बैठक में सहायक शाखा प्रबंधक गौरव गुप्ता ने भी विस्तार से जानकारी दी। बैठक में एफओ आकाश दास ब एफओएस सौरभ जैन ने बताया कि बैंक में 10 एकड़ से ज्यादा भूमि बालों को एसआर सुविधा उपलब्ध है जिसमें प्रति एकड़ 90 हजार तक का लोन सुविधा का लाभ ले सकते है। बैठक में सहायक प्रबंधक शुभी गुप्ता,हेमंत राय,सौरभ राय सहित बैंक कर्मचारी ब कियोस्क संचालको की मौजूदगी रही।

# 34 छात्र-छात्राओं को लैपटॉप राशि वितरित



**बनवार।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में प्रतिभाशाली विद्यार्थी योजना अंतर्गत लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 34 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को कक्षा 12वीं में 75% या अधिक अंक प्राप्त करने पर लैपटॉप खरीदने के लिए 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव द्वारा राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारीः शरद तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि शंकर बाजपेई, राजेश सिघई, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, सरपंचः शिवलाल धुर्वे, रुपेश सेन, संदीप अवस्थी, विनोद बाजपेई, संजय बाजपेई, प्राचार्य मोहन सेन, प्राचार्य जे एल प्रधान सहित विद्यालय स्टाफ विद्यार्थी की उपस्तिथि रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी शरद तिवारी ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देता हूं। आज आप सभी के खातों में लैपटॉप के लिए राशि प्राप्त हो गई है। आप सभी इस राशि से लैपटॉप ज़रूर खरीदें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें।

# चिश्ती नगर में फ़ातिहा एवं आम लंगर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





दमोह। महान सूफी संत हज़रत ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती रहमत तुल्लाह अलैह की दरगाह पर ऊर्दू कलेण्डर अनुसार 4 जुलाई को मोहर्रम की आठ तारीख़ दिन शुक्रवार को विशाल फ़ातिहा और लंगर का आयोजन हुआ जजिसमें सैकड़ों अकीदतमंदों ने शिरकत की । गौरतलब है कि चाँद की हर आठ तारीख़ को स्थानीय पुराना बाज़ार चिश्ती नगर स्थित दरगाह ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती के दरबार में हर महीने फातिहा होती है लेकिन चिश्ती नगर में ख़्वाजा साहब के आस्ताने पर प्रतिवर्ष मोहर्रम की 8 तारीख विशेष रूप से बड़े पैमाने पर मनाई जाती है। आठ मोहर्रम के अवसर पर सुबह आस्ताने पर कुरआन ख़्वानी हुई बाद में लंगर का आयोजन चला जो दिनभर चलता रहा । इस अवसर पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया । वहीं शाम 7 बजे मुख्य रूप से बाद मग़रिब दरबारे ख़्वाजा में होनें वाली सामुहिक फ़ातिहा ख़्वानी में नगर व आसपास के सभी अकीदतमंदों और मुरीदों ने एक साथ आस्ताने पर फ़ातिहा में शिरकत कर मुल्क में अमन चैन की दुआएं माँगी । वहीं रात 10 बजे से आस्ताने आलिया पर ऊर्दू साहित्यिक संस्था अदबी इदारा ए सलामी द्वारा महफिले मसालमा का आयोजन किया जिसमें स्थानीय शायरों ने नातिया कलाम और हजरत इमाम हुसैन की शान में कलाम पढ़े प्रोग्राम के आखिर में बज्म के सद्र जनाब मंज़र दमोही ने सभी का शुक्रिया अदा किया । गौरतलब है कि दमोह जिले में महफिले मसालमा की बुनियाद देश के प्रसिद्ध शायर मरहूम नैयर दमोही ने डाली थी जो सिलसिला आज सारे जिले व नगर में आज भी जारी है ।

### क्या महत्व है चिश्ती नगर में आठ 8 मोहर्रम का

दरअसल मोहर्रम की आठ तारीख़ को ही महान सूफ़ी संत हज़रत ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती रहमत तुल्लाह अलैह को मर्तबे हासिल हुए थे जब हज़रत अपनी जिंदगी में हयात थे वह भी चाँद की आठ तारीख़ और खासकर मोहर्रम 8 को विशेष रूप से बुजुर्गों के नाम से फ़ातिहा ख़्वानी का एहतमाम हज़रत ख्वाजा अब्दुस्सलाम साहब चिश्ती ख़ुद किया करते थे उस वक़्त उन्होंने अपने सभी चाहने वाले मुरीदों को भी यह हिदायत की थी के हर माह ऊर्दू 8 तारीख़ को अपने घरों पर फातिहा रखा करें और विशेषकर 8 मोहर्रम क्योंकि इसी माहे मोहर्रम की आठ तारीख़ को हज़रत को बुजुर्गाने दींन ने बड़े मर्तबों से नवाज़ा गया था जिसकी याद आज भी हज़रत ख़्वाजा अब्दुस्सलाम चिश्ती रहमततुल्लाह अलैह के मानने वाले मनाते आ रहे है यह जानकारी इम्तियाज़ चिश्ती ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी ।

## खबर संक्षेप

### पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जायेगा

**दमोह।** देहदान/अंगदान करने वाले नागरिकों के सम्मान के दृष्टिगत देहदान करने अथवा हृदय/लीवर/गुर्दे का दान करने के उपरांत उनके परिजन को 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के जिला कार्यक्रमों में सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया देहदान अथवा हृदय/लीवर/गुर्दे का अंगदान करने वाले नागरिक के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जायेगा।

### शादी का झांसा देकर दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पटेरा।** पटेरा पुलिस ने शादी का झांसा देकर गलत काम करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार दिनाँक 12/06/25 को प्रार्थिया ने थाना पटेरा में आरोपी चरन सींग पिता यशवंत सींग चौहान, निवासी थाना कुम्हारी, जिला दमोह के विरुद्ध वर्ष 2018 से 2025 तक शादी का झांसा देकर गलत काम (बलात्कार) करना जिससे एक बालक पैदा हो जाना बाद आरोपी चरन सींग चौहान द्वारा प्रार्थिया को शादी करने से इन्कार कर देना की रिपोर्ट लेख कराई थी जो रिपोर्ट पर थाना पटेरा में अप.क्र.154/25 धारा 69, 115(2), 351(3)बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। जो आरोपी चरन सींग चौहान घटना दिनाँक से लगातार फरार चल रहा था। मामले में पुलिस अधीक्षक महोदय/ अति.पुलिस अधीक्षक महोदय/ एसडीओपी हटा के निर्देशन में निरी.सरोज ठाकुर,थाना प्रभारी पटेरा द्वारा टीम गठित कर आरोपी चरन सींग को को इमलाई सीमेन्ट्र फैक्ट्री के पास से बड़ी हिकमत अमली से पकड़ा गया। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उक्त टीम में निरी.सरोज ठाकुर,प्र.आर. प्रमोद चौबे, आर. सुरेश लोधी व आर.गब्बर राजपूत म.आर. रानी ठाकुर का साइबर टीम से प्र आर राकेश अठया एवं अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

### जनपद सदस्य गैसाबाद पद हेतु दो नामांकन पत्र हुए जमा

**दमोह।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध हेतु) हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के रिक्त पद हेतु नाम निर्देशन की प्रक्रिया के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी राकेश सिंह मरकाम ने बताया कि नामांकन के चौथे दिन निशा कुर्मी/देवेंद्र पटेल और दीनदयाल पटेल/ रमेश प्रसाद पटेल ने नाम निर्देशन फॉर्म जमा किए।

### बीएम दुबे का काव्यपाठ आकाशवाणी पर

**दमोह।** हास्य-व्यंग्य कवि बीएम दुबे की ऑपरेशन सिंदूर, नशा मुक्ति एवं स्वच्छता विषय पर कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी छतरपुर से रसावतरण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित काव्य गोष्ठी में 11 जुलाई (शुक्रवार) को रात्रि 9:30 बजे से 10:00 बजे तक होगा। गोष्ठी में गणेश राय, आराधना राय एवं भूपेंद्र जैन ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। गोष्ठी का संचालन बीएम दुबे ने किया।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न, जिले के 1096 विद्यार्थियों को लेपटॉप क्रय करने के लिए राशि हुई हस्तांरित

# आपके हाथ में लैपटॉप रहेगा तो निश्चित रूप से भविष्य में कुछ कमाल कर जाएंगे -राज्यमंत्री




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिनके 75 या उससे ऊपर अंक आए हैं, सरकार ने माना है कि आप लोग बहुत प्रतिभाशाली हैं, आप लोगों में आगे बढ़ने और पढ़ने की असीम संभावनाएं हैं। यदि आप लोगों के हाथ में लैपटॉप सरकार देगी तो आप निश्चित रूप से भविष्य में कुछ कमाल कर जाएंगे, इसलिए सरकार यह लैपटॉप दे रही हैं। इस आशय की बात प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस दमोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना 2025 के अंतर्गत विद्यार्थियों को लेपटॉप क्रय हेतु अंतरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा लैपटॉप के लिए राशि मिल रही है लैपटॉप जरूर खरीदें। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवरहे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण की गई। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने कहा सरकार आपके खाते में राशि इसलिए डाल रही है लैपटॉप खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा आप लैपटॉप जरूर खरीदें सरकार ने यह राशि आपकी उच्च शिक्षा के लिए दी है। श्री लोधी ने कहा आज विवेकानंद जी का निर्माण दिवस है विवेकानंद जी हमेशा युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहे हैं युवा विवेकानंद जी के व्यक्तित्व को अपने जीवन में उतारे, विवेकानंद जी को पढ़ें। उन्होंने कहा आपको सफलता मिलेगी आपको सफलता प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा सरकार आपके खाते में पैसे डाल रही हैं जिन बच्चों को लैपटॉप अच्छा लैपटॉप खरीदना हो कुछ पैसे मिलकर अच्छा लेपटॉप खरीद सकते हैं, सरकार आपके लाभ के लिए पैसे दे रही है, सरकार शिक्षा के प्रति सजग है संवेदनशील हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा देश के युवाओं को रोजगार मिले, उन्नति स्वदेशी आधारित हो सरकार इस ओर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा लैपटॉप आपकी पढ़ाई के लिए माध्यम बन सकता हैं। भोपाल स्तर से मुख्यमंत्री जी ने जिले की कक्षा 12 वी की नवजागृति विद्यालय की छात्रा गार्गी अग्रवाल को लेपटॉप का वितरण किया गया। साथ ही और उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के छात्र भानू प्रताप को भी राशि हस्तांरित की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के 1096 विद्यार्थियों को लेपटॉप क्रय करने के लिए राशि का हस्तांरण मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया जिसमें 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक वाले उत्कृष्ट विद्यालय दमोह, सीएम राइज विद्यालय दमोह, जेबीपी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, नव जागृति विद्यालय दमोह, ओजस्वनी विद्यालय दमोह, मिशन विद्यायल दमोह, सरस्वती विद्यायल दमोह सहित जिले के अन्य विद्यालय के छात्रों को 25 हजार रूपये छात्रों के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांरित की गई। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया। साथ ही कुछ छात्रों को प्रतीकात्मक स्वरूप मंच से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम दमोह आर एल बागरी, जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा सहित विद्यालयों के प्राचार्य, छात्र-छात्राए, शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे और आभार सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे तथा डॉ आलोक सोनवलकर ने व्यक्त किया।

### सीएम का लाईव प्रसारण देखा, वन क्लिक के माध्यम से पहुंची राशि



**दमोह।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार विकासखंड स्तरीय लैपटॉप राशि वितरण जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें पटेरा विकासखंड के सात विद्यालयों में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवडोगरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहारी से 58 छात्र छात्राओं में से 47 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की जिन्होंने 75 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त किये। उनको मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। लैपटॉप की राशि वन क्लिक के माध्यम से छात्राओं के खाते में मध्य प्रदेश शासन से प्रदान की गई। सभी ने आनलाइन चल रहे मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा व उनकी बातों को ध्यान पूर्वक सुना। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल दे कर सम्मानित किया गया। अतिथियों में पूर्व जनपद अध्यक्ष बद्री पटैल, जनपद अध्यक्ष मल्लोबाई के प्रतिनिधि बसोरी आदिवासी उपस्थित रहे। अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल ने की। अन्य अतिथियों में



हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेन्द्र बजाज, नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शंकर तंतुवाय जन अभियान परिषद अध्यक्ष मुन्ना अवधिया थे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री मुकेश गुजरे ने लैपटॉप वितरण की जानकारी समस्त अतिथियों को दी। विकासखंड में प्रथम स्थान कुमारी सरस्वती लोधी 92ड्ड4% शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लोहारी, द्वितीय स्थान फिजा खान 91ड्ड4% शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा, तृतीय स्थान सम्मान नेमा 90ड्ड4% शासकीय मॉडल उत्तर माध्यमिक विद्यालय पटेरा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर माडल स्कूल प्राचार्य विवेक नेमा, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती वंदना भोज, कमलेश शर्मा उच्च माध्यमिक शिक्षक, अभिषेक ताम्रकार, नवेन्द्र अठया प्रयोगशाला सहायक, हरिशंकर रैकवार, मनोज अठया,मोहन रैकवार आदि का विशेष सहयोग रहा। प्रतिभाओं में सरस्वती लोधी, सत्यम नेमा ने सभी से अपनी बात कही। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण प्रसाद विश्वकर्मा उच्च माध्यमिक शिक्षक ने किया।

# चोरी गई आठ भैंसे बरामद, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कुम्हारी पुलिस को चोरी गई आठ नग भैसे को बरामद करने व दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह संदीप मिश्रा, सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में श्रीमान एसडीओपी महोदय हटा प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन पर थाना प्रभारी कुम्हारी उनि. बृजेश पाण्डेय व उनकी पुलिस टीम के प्रयास से थाना कुम्हारी के अप.क्र. 108/25 धारा-331(4),305 (ए) बीएनएस में ग्राम सगौनी में दिनांक 03.07.25 को प्रार्थी जुगल यादव की चोरी गई 08 नग भैसो को



धाना कुम्हारी पुलिस के व्दारा दो अभियुक्तो शहजाद खान पिता सलीम खान उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया चम्पत एवं नरेन्द्र पिता बालमुकुन्द बाल्मीक उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 04 गडरयाऊ मोहल्ला दमोह के कब्जे से चोरी गई 08 नग भैसो को बरामद किया गया है। दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार थाना कुम्हारी के ग्राम सगौनी में दिनांक-03.07.25 को प्रार्थी जुगल यादव की सार (मवेशियो के बांधने का स्थान) से 08 नग भैसो को मौका का फायद उठाकर 02 बदमाशो व्दारा चोरी कर ले जाना बताया था। आरोपी शहजाद खान पिता सलीम खान उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया चम्पत थाना दमोह देहात, नरेन्द्र पिता बालमुकुन्द बाल्मीक उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 04 गडरयाऊ मोहल्ला दमोह को गिरफ्तार किया है। चोरी गई सभी 08 नग भैसे कीमती करीबन 200000/- रुपये की बरामदगी की गई है। सराहनीय कार्य करने वाले अधि. कर्म, के नामः उनि, बृजेश कुमार पाण्डेय, सउनि. गोविन्द सिंह, प्र.आर. सुरेन्द्र, आर. राजेश कुमार, आरक्षक बलवंत लोधी, आर. रमाकांत साहू, आर. रामबहादुर एवं से. प्रीतम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### विकलांग से दुराचार का आरोपी पकड़ा

**पटेरा।** विकलांग से दुराचार के आरोपी को पटेरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार दिनाँक 24/05/25 को विकलांग महिला ने थाना पटेरा में आरोपी चिन्ता उर्फ राजा कुर्मी पटैल,निवासी रमगढा.के विरुद्ध जबरन गलत काम करने संबंधी रिपोर्ट लेख कराई थी जो रिपोर्ट पर थाना पटेरा में अप.क्र.133/25 धारा 332,64 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जो आरोपी चिन्ता उर्फ राजा कुर्मी पटैल घटना दिनाँक से लगातार फरार चल रहा था। उक्त आरोपी बाहर जाने की फिराक में था जो निरी.सरोज ठाकुर द्वारा गठित टीम के साथ उक्त आरोपी को बड़ी हिकमत अमली से पकड़ा गया। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उक्त टीम में निरी.सरोज ठाकुर,प्र.आर. पूरनलाल,आर. रामकृष्ण,आर. नीतेश,म.आर. रानी ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों के प्रकरण की जाँच व मामला पंजीबद्ध करने लिखा पत्र

**दमोह।** फर्जी जन्म प्रमाण-पत्रों के संबंध में अपर कलेक्टर मीना मसराम ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर प्रकरण की जाँच आपराधिक दृष्टि से कराई जाकर न्याय संगत धाराओं में मामला पंजीवद्ध किये जाने का आग्रह किया है। पुलिस अधीक्षक को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय दमोह ने अपने पत्र में जानकारी उपलब्ध कराई है कि तीन प्रमाण-पत्र पूर्णतः फर्जी है, तथा रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु विभाग जिला चिकित्सालय दमोह की पदमुद्रा से जारी नहीं किये गये है, यह प्रमाण पत्र किसी कैफे के माध्यम से ही फर्जी रूप में जारी किये गये हैं तथा जिला चिकित्सालय दमोह के पंजीयन रजिस्टर एवं ऑनलाईन दर्ज नहीं है, उक्त प्रमाण पत्र जारी किये जाकर कैफे द्वारा 1969 की धारा 12/17 का उल्लंघन किया जा रहा है। संपूर्ण प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 का उल्लंघन प्रथम दृष्टया परिलक्षित होता है जो दण्डानीय अपराध है। ज्ञातव्य है 01 जुलाई की जनसुनवाई में श्री बारेलाल रजक ने आवेदन प्रस्तुत किया कि वह 15 बार आधार का आवेदन कर चुके हैं परंतु आवेदन अस्वीकृत हो जाता है, तथा आवेदन के साथ तीन जन्म प्रमाण-पत्र एवं तीन आधार पंजीयन रसीद भी प्रस्तुत की है। कार्यालय योजना एवं सांख्यकी विभाग द्वारा तीनों जन्म प्रमाण-पत्र गलत पाये गये हैं।

### फाउंडर्स-डे पर किया पौधा लगाया



**दमोह।** सोफिया स्कूल दमोह द्वारा अपने फाउंडर्स-डे पर पौधा लगाया गया। पौधा लगाकर प्रधान अध्यापिका जी ने बताया कि जिस तरह पौधा अपनी ऊँचाइयों को छुएगा उसी प्रकार हम भी नित नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे इसी सन्दर्भ में उन्होंने आगे बताया हमारे प्रधान मंत्री द्वारा एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान चलाया जा रहा है जिस में उन्होंने कहा कि "एक पेड़ माँ के नाम" एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

# केके पांडे हुये सेवानिवृत्त




**दमोह।** हायर सेकेंडरी स्कूल मुड़यि से उच्च श्रेणी शिक्षक, कवि, साहित्यकार कृष्ण कुमार पांडे सेवानिवृत्त हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर सी. पटेल प्राचार्य कार्यक्रम अध्यक्ष राजेंद्र पटेल पूर्व प्राचार्य एवं आर.एस.राजपूत. पूर्व स.जिला संचालक शिक्षा, कारपेंटर श्रीमती अजिता मिश्रा एवं समस्त संकुल केंद्र के कर्मचारी व परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कृष्ण कुमार पांडे ने अनाथ एवं निर्धन सात बच्चों की आर्थिक सहायता की। जिसकी बहुत भूरी भूरी प्रशंसा की गई। श्री पांडे कई मंचों पर काव्य गायन एवं पांच पुस्तकों की रचना कर चुके हैं सभी मित्रों ने स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

### 231 कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**दमोह।** पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा से सम्बंधित सभी जानकारियों के प्रबंधन हेतु मध्य प्रदेश इलेक्ट्रोनिक डेवलपमेंट कारपोरेशन भोपाल द्वारा उपलब्ध कराये गए सॉफ्टवेयर ई.एच.एम.आर.एस का उपयोग किया जाना हैं। इसी क्रम में जिला कलेक्ट्रेट दमोह स्थित ई-दक्ष केंद्र में गत माह जून एवं जुलाई के प्रथम सप्ताह में विभिन्न सत्र आयोजित कर पुलिस अधीक्षक कार्यालय दमोह के 231 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में किसी कारण वश अनुपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को गूगल मीट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया जिससे आगे सम्बंधित विभाग के जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ई.एच.एम.आर.एस सॉफ्टवेयर में आनबोर्डिंग की जा सकेगी। उक्त प्रशिक्षण वरिष्ठ प्रशिक्षक हर्षा मिश्रा एवं प्रशिक्षक शिवम अरजरिया के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका से सम्बंधित सभी जानकारियों नियुक्ति, पदोन्नति एवं इन्क्रीमेंट का डिजीटाईजेशन किया जाएगा। आगे आने वाले समय में समस्त विभागों के कर्मचारियो की विभिन्न सेवाएं अवकाश, फैमिली एवं ट्रांसफर वेकेंट पद तथा नॉमिनेशन अपडेट आवेदन आदि सभी कार्य ई.एच.एम.आर.एस सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही अपने एकाउंट से ही कर सकेंगे। साथ ही कर्मचारी अपनी ई-सर्विस बुक खुद ही देख पायेंगे, इस सॉफ्टवेयर के उपयोग से विभागीय स्थापना संबंधी समस्त गतिविधियों में तेजी आयेगी तथा रिकोर्ड की मानीटरिंग एवं सुरक्षा सहज हो जायेगी।

### संवेदनशील क्षेत्र में वन्यप्राणी रेस्क्यू टीम का किया गठन

**दमोह।** सामान्य वन मंडल दमोह अंतर्गत वर्षा ऋतु में वन्यप्राणियों से आम जनमानस /ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु वनमंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे ने संवेदनशील क्षेत्र सलैया चौकी, हथनी चौकी, नोहटा चौकी, कंसा चौकी में दल प्रभारी एवं सदस्यों सहित वन्यप्राणी रेस्क्यू टीम का गठन किया है। साथ ही वन मंडल स्तर पर रेस्क्यू टीम के नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम बनाया गया। जिनका मोबाईल नंबर 9575556647 है। कंट्रोल रूम प्रभारी कार्यवाहक वनक्षेत्रपाल राजेन्द्र प्रसाद सौर है। उन्होंने रेस्क्यू टीम सदस्यों को निर्देशित किया है नदियों/तालाबों से लगे क्षेत्र अंतर्गत मगरमच्छ के विचरण की सूचना प्राप्त होती है सूचना स्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही कर रेस्क्यू कार्य सफलता पूर्वक किया जाये। रेस्क्यू टीम में परिक्षेत्र सगौनी के लिये दल प्रभारी अब्दुल सईद कुरैशी प.स.सलैया मो.नं. 8878453571 के साथ कार्य वाहक वनपाल दुर्गेश अहिरवार वीटगार्ड सलैया वनरक्षक 9407123540, देवमुनी तिवारी वीटगार्ड खमरिया वनरक्षक 8959848625, लोकसींग ठाकुर सलैया स्थाई कर्मी 8224858546 सदस्य होंगे। इसी प्रकार दल प्रभारी अब्दुल रशीद कुरैशी प.स. नोहटा 6260889932 के साथ कार्य वाहक वनपाल भरतसींग ठाकुर वीटप्रभारी बनवार कार्य वाहक वनपाल 9301815628,नवल किशोर पटेल, वीटगार्ड कुलुआ वनरक्षक 9752915526 एवं अशोक कोरी वीटगार्ड सगरा वनरक्षक 9575732915 सदस्य होंगे। परिक्षेत्र दमोह के लिये वनरक्षक भरत लाल परोहा 9685775806, श्रीमति नजमा खान कार्यवाहक वनपाल 8989556700, मयंक विश्वकर्मा वनरक्षक 9424793775 तथा भुवानीदीन यादव स्थाईकर्मी 9993662151 तथा परिक्षेत्र तेजगढ़ के लिये वनपाल नेकनारायण खरे 8815204122, कृष्ण कुमार अहिरवाल वनरक्षक 7691994325, राममनोहर यादव वनरक्षक 6260502860, अफजल शॉ स्थाई कर्मी 9755763315 एवं रवि रैकवार समिति चैकीदार 9754871091 सदस्य होंगे।

# शासकीय चेक देने वाले जन शिक्षक महेन्द्र निलबिंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जनशिक्षक, जनशिक्षा केंद्र-शासकीय एम.एल.बी. कन्या उ. मा. विद्यालय दमोह महेंद्र जैन (मूलपद-उ.श्रैणी शिक्षक) को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलबिंत किया हैं। निलम्बन अवधि में मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पटेरा जिला दमोह नियत किया गया है। निलम्बन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। ज्ञातव्य हैं कि जनशिक्षा केंद्र शासकीय एम.एल.बी. कन्या उ. मा. विद्यालय दमोह जनशिक्षक महेंद्र जैन द्वारा आवेदक नरेन्द्र जैन एवं मयंक चौधरी से एक लाख रूपये की मदद चाही और रूपये नकद लेने के बाद से पांच वर्ष उपरांत भी राशि वापिस नहीं की गयी। जनसुनवाई में दिए आवेदन में कहा गया परिवार में शादी होने पर राशि मांगने पर झूठे वादे के साथ श्री जैन ने जनशिक्षा केंद्र शास. एम. एल. बी. क. उ. मा. वि. दमोह पांच शासकीय चेक प्रदाय किए गए। जब यह चेक बैंक में भुगतान हेतु प्रस्तुत किए गए, तो बैंक ने आपत्ति के साथ वापिस कर दिए। इस सबंध में डीपीसी द्विवेदी ने बताया प्रकरण की जांच हेतु 03 सदस्यीय समिति गठित की गयी। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन प्रतिवेदित किया है कि जनशिक्षा केंद्र-शास. एम. एल. बी. कन्या उ. मा. विद्यालय दमोह का बैंक खाता संयुक्त हस्ताक्षर से संचालित था। उन्होंने बताया संबंधित जनशिक्षक द्वारा व्यक्तिगत प्रयोजन के लिए स्वयं के हस्ताक्षर से शासकीय चेक का प्रयोग किया गया है। जो कि गंभीर वित्तीय अनुशासनहीनता है।

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री मुकुल जैन पिता श्री मुकेश जैन वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र. 116/2 का हस्तातरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन के 116/2 वार्ड क्रमांक 01 गनेश सिंह पिता श्री बाबू सिंह का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन / प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 04/07/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री राजेन्द्र ताम्रकार पिता श्री बालाप्रसाद वार्ड क्रमांक 06 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र. 214 का हस्तातरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन के 214 वार्ड क्रमांक 06 श्रीमति रामदुलारी पति गिरधारी कोरी का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन / प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 04/07/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री अमित जैन पिता श्री व्रती चंद जैन वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र. 116/2 का हस्तातरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन के 116/2 वार्ड क्रमांक 01 गनेश सिंह पिता श्री बाबू सिंह का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन / प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 04/07/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**नाम संशोधन सूचना**

शेख आरिफ कुरैशी पिता अब्दुल कलाम कुरैशी उम्र 54 वर्ष निवासी गडी मुहल्ला बजरिया वार्ड नं.1 दमोह, तह. व जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरा पासपोर्ट दिनांक 30/12/2015 को भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है जिसका पासपोर्ट नंबर N5152550 हैं। मेरी पत्नि गुलनार बेगम का पासपोर्ट भारत सरकार द्वारा दिनांक 03/09/2024 को जारी किया गया था, जिसका पासपोर्ट नंबर C2389143 हैं जिसमें मेरी पत्नि का नाम गुलनार बेगम दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में मेरी पत्नि का नाम गुलनार कुरैशी त्रुटिवश दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पत्नि का नाम गुलनार बेगम है। मेरे पासपोर्ट में मेरी पत्नि का नाम गुलनार कुरैशी के स्थान पर गुलनार बेगम दर्ज किया जावे।

**शपथकर्ता - शेख आरिफ कुरैशी**